डाक पंजीयन क्रमांक : MP/HSD/51/2021-23

हरदा से प्रकाशित साप्ताहिक अखबार ■ प्रति बुधवार

# शब्द सारांश

खबरों का आईना

RNI - MPHIN/2017/74252

वर्ष-07, अंक-32, पृष्ठ-8, मूल्य-2 रुपए   email: ramnema81@gmail.com   बुधवार 20 दिसंबर 2023




पेज 07

## राम जन्मभूमि परिसर के पास पकड़ा गया संदिग्ध

**अयोध्या एजेंसी।** आज यानी मंगलवार दोपहर को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के गेट नंबर दस पर तैनात सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति के हेलमेट पर एक कैमरा लगा हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त व्यक्ति मैप इन इंडिया का कर्मचारी है और वह सर्वे का काम कर रहा था। हालांकि, सर्वे के लिए अभी तक कंपनी को अनुमति नहीं मिली है। वर्तमान में अयोध्या पुलिस और खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। आज दोपहर छत्तीसगढ़ के रहने वाले निवासी भानू पटेल बाइक पर सवार होकर येलो जोन में घूम रहा था। उसके हेलमेट पर एक कैमरा भी लगा था।

## 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेगी कंगना ! पिता ने किया खुलासा

**नई दिल्ली एजेंसी।** अगले कुछ महीनों में लोकसभा चुनाव 2024 होने वाले है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित सभी पार्टियों अपने तैयारी शुरू कर दी है। इसी बीच खबर आ रही है कि बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत बीजेपी के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही है। खबरें आ रही थी कि वह राजनीति के क्षेत्र में आना चाहती है। इस पर अभिनेत्री के पिता अमरदीप रनौत ने बड़ा खुलासा किया है। कंगना के पिता ने उनके लोकसभा चुनाव लड़ने की बात की पुष्टि की है। सीट को लेकर उन्होंने कहा कि बीजेपी तय करेगी कि कंगना कहां से चुनाव लड़वाना है। अभिनेत्री कंगना के पिता अमरदीप का कहना है कि यदि भाजपा उनकी बेटी को टिकट देती है तो वह चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। यदि पार्टी उन्हें हिमाचल से चुनाव लड़ाने का फैसला करती है तो मंडी संसदीय क्षेत्र उनकी कर्मभूमि हो सकता है।

## आडवाणी और जोशी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता मिला

**नई दिल्ली एजेंसी।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 22 जनवरी को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य यजमान के रूप में शामिल होंगे। ऐसे में सारी तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है। वहीं, अब प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले मुख्य अतिथियों को लेकर एक महत्वपूर्ण अपडेट आया है। हालांकि मंगलवार सुबह मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राम मंदिर के ध्वजावाहक रहें लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को कार्यक्रम उद्घाटन समारोह में ना पहुंचने की अपील की गई है।

### मप्र विधानसभा के विशेष सत्र का दूसरा दिनः 21 विधायकों ने ली शपथ

# नेता प्रतिपक्ष बोले-ये अंबेडकर का फोटो हटाकर गोडसे का लगाएंगे

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को 21 विधायकों ने शपथ ग्रहण की।

सोमवार को 207 विधायकों ने शपथ ली थी। प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव पहले ही शपथ ले चुके हैं। छिंदवाड़ा विधायक कमलनाथ विदेश में होने के चलते इस सत्र में शामिल नहीं हो रहे हैं।

आज विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सरताज सिंह, रामदयाल अहिरवार, भगवत सिंह पटेल, कल्याण जैन, ताराचंद पटेल, रामदयाल भारद्वाज समेत दिवंगत नेताओं और विभूतियों को श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट के मौन के बाद सदन की कार्यवाही 20 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

**नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने**



### सिंघार बोले- ये नेहरु के विचार खत्म करने का प्रयास

आसंदी के पीछे लगी पं. जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर हटाने पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने विधानसभा परिसर में कहा, डॉ. अंबेडकर के बाद ये गोडसे के फोटो लगाएंगे। नेहरू जी का फोटो हटाना महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण ये है कि उनके विचार खत्म करने का प्रयास है। आगे देखिए, अंबेडकर जी का फोटो हटाकर गोडसे का फोटो लगाएंगे।

**प्रोटेम स्पीकर को लिखा पत्रः** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले को लेकर प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अंबेडकर के साथ पंडित नेहरु की तस्वीर भी सदन में हो।

**जयवर्धन बोले- किसी का अपमान नहीं होना चाहिए:** कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा, यह ओछी मानसिकता है। प्रोटेम स्पीकर और मुख्यमंत्री से मांग की जाएगी। महात्मा गांधी, नेहरू जी, अंबेडकर जी किसी का अपमान नहीं होना चाहिए।

### रामेश्वर ने कहा- बाबा अंबेडकर संविधान निर्माता हैं

बीजेपी ने कांग्रेस के बयानों पर पलटवार किया है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि अंबेडकर का चित्र भारत के संविधान का चित्र है। संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर हैं कि नहीं। बाबा अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की आस्था और विश्वास है कि नहीं? अंबेडकर जी करोड़ों लोगों के आस्था के केंद्र हैं, संविधान निर्माता हैं। संविधान निर्माता का फोटो विधानसभा में होना चाहिए या नहीं? कांग्रेस क्या बाबा अंबेडकर में गोडसे देखती है? गांधी जी, बाबा अंबेडकर के प्रति हमारी आस्था है और रहेगी।

### बाबा साहब का फोटो पहले ही लग जाना थाः गौर

बीजेपी विधायक कृष्णा गौर ने कहा कि बाबा साहब का फोटो बहुत पहले लग जाना चाहिए था। कांग्रेस ने भीमराव अंबेडकर को स्थान नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब को उनका स्थान दे रही है।

### इंदर सिंह बोले- कांग्रेस का काम भ्रम फैलाना

पूर्व शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ भ्रम फैलाना है। कांग्रेस डॉ. भीमराव अंबेडकर का सम्मान नहीं करती है।

# वेरिएंट जेएन-1 से पांच मौत के बाद कोरोना प्रोटोकॉल के पालन की सलाह

एजेंसी | नई दिल्ली

केरल में कोविड-19 के नए वेरिएंट जेएन-1 की पुष्टि उपरान्त डब्ल्यूएचो ने एडवाइजरी जारी करते हुए कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 335 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इससे एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई है। वहीं, उत्तरप्रदेश और केरल में कोरोना संक्रमित पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। देश में एक बार फिर कोरोना अपने पैर पसार रहा है। भारत के विभिन्न राज्यों में बढ़ते कोरोना केसों के बाद सरकार अलर्ट मोड पर है। उधर, डब्ल्यूएचो भारत समेत कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों से चिंता में है। उसने एडवाइजरी जारी करते हुए देशों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। हाल ही में केरल में कोरोना के सबसे नए वेरिएंट जेएन-1 की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद केरल सरकार ने राज्य भर में स्वास्थ्य को लेकर अलर्ट जारी किया था। गौरतलब है कि कोविड-19 से 5,33,316 लोगों की मौत हो चुकी है कोरोना के कारण देश में मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

**जनसंवाद** | जिला पांढुर्णा में जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिको से सीएम ने किया संवाद

# प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगेः सीएम यादव

- प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती को किया प्रोत्साहित
- प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता
- कर्तव्य पालन के साथ रहें जनता के प्रति संवेदनशील

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी के विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाएंगे। जनता के हित में लगातार कार्य किए जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जिला पांढुर्णा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि पहली बार आप सभी के बीच संवाद करने आया हूं। यह सिर्फ एक शुरुआत है, मैं लगातार आपके बीच जाकर संवाद करता रहूंगा। संवाद के इस सिलसिले को जनसंवाद का नाम दिया गया है। जनता से बात करके, जनता की कठिनाइयों को समझ कर हर समस्या का उचित समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ भाई-बहन का नाता है।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को किया प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांढुर्णा के पाथई और कोडिया ग्राम के निवासियों से संवाद किया। ग्राम पाथई के कृषक राहुल कुमार से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए सभी कृषकों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया है। प्राकृतिक खेती से खेती की लागत में कमी आती है और उसके अनुपात में फसल की कीमत अधिक मिलती है। जमीन की उर्वरता बनी रहती है। कृषक राहुल ने बताया कि उनकी 10 एकड़ जमीन है। जिसमें वो पूरी तरह प्राकृतिक खेती करते है।

इस नाते आप सभी के बीच लगातार आता रहूंगा। आप सभी से बात कर आपकी समस्याओं का निराकरण करूंगा। जो छोटे, नवीन और पिछड़े जिले हैं, उनकी क्षेत्रानुसार स्थानीय कठिनाइयां है। इन कठिनाइयों को मौके पर जाकर समझना और समाधान करना जरूरी है। जिला बनने के बाद जिले की स्थानीय परेशानियों को दूर कर उसका विकास करना राज्य शासन का दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि शासकीय अमले का कर्तव्य है कि मुस्तैदी से अपना कार्य करें। जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन के निर्देशों का पालन करें।

संपादकीय

## ठगों के खिलाफ

संचार माध्यमों के बढ़ते उपयोग, हर काम में डिजिटल निर्भरता और इंटरनेट संबद्धता के बीच साइबर सेंधमारों की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी है। वे लोगों को ठगने के तरह-तरह के तरीके तलाशते रहते हैं। चूंकि आधुनिक बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों को आटोमेटिक टेलर मशीन और इंटरनेट सुविधा से जोड़ दिया जाता है, इसलिए ज्यादातर साइबर अपराधियों की नजर लोगों के बैंक खातों पर रहती है। वे झूठे संदेश और 'इंटरनेट लिंक' भेज कर लोगों को भरमाते हैं और जैसे ही उनके संदेश को खोला जाता है, सेंधमार उनके बैंक खाते तक अपनी पहुंच बना लेते हैं। ऐसे ठगी करने वाले न केवल भारत में, बल्कि दुनिया के किसी भी हिस्से में बैठ कर अपनी साजिशों को अंजाम देते रहते हैं। हमारे देश में इस तरह रोज हजारों लोग ठगी का शिकार होते हैं। यह बैंकों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। इस समस्या से पार पाने के लिए अब संचार विभाग एक ऐसा पोर्टल शुरू करने जा रहा है, जो कृत्रिम मेधा के जरिए ऐसे धोखाधड़ी करने वालों पर नजर रखेगा और उनकी पहचान कर उन पर शिकंजा कसेगा। इस पोर्टल से निस्संदेह आम लोगों को ठगी से बचने में काफी मदद मिलेगी। हालांकि इंटरनेट के जरिए सेंधमारी की प्रवृत्ति पुरानी हो चुकी है। पहले ठगी करने वाले लोगों को मेल भेज कर उनके बैंक खातों तक पहुंचने का प्रयास करते थे। फिर मोबाइल संदेशों के जरिए ऐसा करने लगे। सीधा फोन करके भी लोगों को झांसा देने वाले बड़ी संख्या में सक्रिय हैं। वे भोले-भाले लोगों को फोन कर उनके बैंक का विवरण प्राप्त कर उनके खाते से पैसा निकाल भागते हैं। इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया, जिससे लोग धोखाधड़ी करने वालों के चंगुल में फंसने से बचने लगे। तब उन्होंने वाट्सऐप के जरिए संदेश भेज कर लोगों को फंसाने की कोशिश शुरू की। अब तो सोशल मीडिया मंचों पर भी किसी न किसी तरह ऐसे सेंधमार घुस कर लोगों को भरमाने और ठगने का प्रयास करते देखे जाते हैं। वे ऐसे शातिर तरीके आजमाते हैं, जिससे न केवल भोले-भाले, बल्कि अच्छे पढ़े-लिखे लोग भी उनके झांसे में आ जाते हैं। कई कंपनियों के खातों में भी ये सेंधमारी कर चुके हैं। इस तरह ये दुनिया भर की सरकारों, बैंकिंग प्रणाली और डेटा संग्रह करने वाले तंत्रों के लिए चुनौती बनते गए हैं। भारत में चूंकि सतर्कता का स्तर अन्य देशों की अपेक्षा कम देखा जाता है, इसलिए यहां साइबर अपराधियों की सक्रियता भी अधिक है। ऐसे अपराधियों के नए-नए केंद्र बन रहे हैं। हालांकि कुछ बैंकों ने अपने सुरक्षा तंत्र में कृत्रिम मेधा के जरिए ठगी करने वालों पर नजर रखने की व्यवस्था कर रखी है, फिर भी ये शातिर अपराधी उनमें घुसपैठ का रास्ता तलाश ही लेते हैं। संचार विभाग इस सेंधमारी के विरुद्ध कितना मजबूत और व्यावहारिक कवच तैयार कर पाता है, देखने की बात है। कुछ वर्ष पहले जब अनचाही कालों से लोग परेशान थे, तब संचार विभाग ने एक ऐसा नंबर लोगों को उपलब्ध कराया था, जिस पर उस काल करने वाले का नंबर डाल दिया जाए, तो वह स्वत: निरस्त हो जाता था।

# भारत ही दुनिया में मानव-एकता को बल देने में सक्षम

**ललित गर्ग**

इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस एक बेहतर दुनिया के निर्माण में साझा जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एकता, समानता और करुणा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से, यह दिन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है जहां एकजुटता गरीबी उन्मूलन और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति बन जाती है।

2023 की थीम है 'परिवर्तन की वकालत'। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, हाल ही में जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने निभाते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के उद्घोष के साथ दुनिया को प्रभावी मानव एकता का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बलशाली बनाने का प्रेरक धरातल दे रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है। अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है। गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दु:ख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं- जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भीखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है।

देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते।



**विविधता में एकता दर्शाने, मानवीय मूल्यों को बल देने, विभिन्न सरकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए समझौतों को याद दिलाने, लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, गरीबी को मिटाने के नए रास्ते खोजने एवं लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मानवीय एकता के महत्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी।**

# संसदीय लोकतंत्र के काले दिन वापस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

*कोई दोषी नहीं। कोई जिम्मेदार नहीं। भारत की संसद की किस्मत ही खराब है जो उसे अपने एक चौथाई सदस्यों को निलंबित कर अपना कामकाज चलाना पड़ रहा है । चूंकि ये सब पहले भी हो चुका है इसलिए मौजूदा संसद के पीठाधीश्वर के ऊपर आप कोई आरोप नहीं लगा सकते,ज्यादा से ज्यादा इतना कह सकते हैं कि इस बार संसद पहले से ज्यादा बधिर और असहिष्णु है। लोकतंत्र के लिए ये अच्छे लक्षण नहीं हैं। वर्ष 2023 संसदीय इतिहास में एक कुटिल व्यवहार के लिए सदा याद किया जाएगा।*

संसद के प्रति मेरे मन में अपार आस्था है और हर भारतीय के मन में होना चाहिए,क्योंकि ये संसद ही है जिसे हम न सिर्फ लोकतंत्र का मंदिर मानते हैं बल्कि हमारा यकीन है कि इसी मंदिर में की गयी प्रार्थनाओं से हम भारतीयों की तमाम कामनाएं पूरी होतीं है। दुर्भाग्य से यही संसद पहले बहरी हुई और अब निर्मम तथा असहिष्णु भी हो गयी। मौजूदा संसद अब तक अपने 100 सदस्यों के विरुद्ध निलंबन और निष्कासन की कार्रवाई कर चुकी है। राज्य सभा के 45 और लोकसभा के 33 सदस्यों को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया जा चुका है। देश की संसद कोई प्राइमरी की कक्षा नहीं है ,लेकिन उसे प्राइमरी की कक्षा बना दिया गया ह। संसद की कार्रवाई का संचालन करने वाले पीठाधीश्वर अब ईश्वर से भी ऊपर हो गए हैं। उनके मन में दया-धर्म बचा ही नहीं है । वे संसद में प्रतिरोध के लिए रत्ती भर गुंजाइश नहीं देना चाहते । सांसद में पहले भी हंगामे होते थे लेकिन सदन चलने वाले अंत तक हार नहीं मानते थे,उस समय संसद की कार्रवाई भी तब स्थगित की जाती थी जब की पानी सर के ऊपर न हो जाये, लेकिन आजकल तो संसद शुरू होते ही स्थगित हो जातीहै । सांसदों को डाटने-फटकारने,मार्शल बुलाने का कोई मौक़ा ही इस्तेमाल नहीं किया जाता। पल भर में सांसदों के नामों की एक फेहरिस्त आती है और सभी को निलंबित करने का ऐलान कर दिया जाता है। संसद द्वारा की जारही इस निर्मम कार्रवाई के बारे में टीका-टिप्पणी करने पर आपको अतीत की याद दिलाई जाएगी कि राजीव गांधी के काल में भी तो 63 सांसदों को निलंबित किया गया था ! यानि जो राजीव गांधी के शासनकाल में हुआ वो ही सब मोदी के शासन काल में होना चाहिए अन्यथा सत्तारूढदल की नाक कट जाएगी ! ये तर्क-कुतर्क करने वाले नहीं जानते कि राजीव गाँधी के शासनकाल में सांसदों को मात्र एक सप्ताह के लिए निलंबित किया गया था लेकिन इस बार ऐसी स्थिति नहीं है। इस बार लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनमें से 30 संसद के पूरे शीतकालीन सत्र तक निलंबित रहेंगे। बाकी तीन- के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है. इन तीनों पर स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर नारेबाजी करने का आरोप है। इसी तरह, राज्यसभा से जिन 45 सांसदों को आज सस्पेंड किया गया है, उनमें से 34 को पूरे सत्र और 11 को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। सांसदों के खिलाफ कार्रवाई करना पीठाधीश्वरों का विशेषाधिकार है,उसे लेकर कोई उन्हें चुनौती नहीं दे सकता ,लेकिन जनता के पास ये अधिकार है कि वो अपने चुने हुए सांसदों के खिलाफ की गयी कार्रवाई पर अपना असंतोष जाहिर करे। दरअसल इस समय संसद को ध्वनिमत से चलने की कोशिश की जा रही है। सांसद में बहस-मुबाहिसे के लिए, प्रतिरोध के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। जो बोलेगा उसे निलंबित कर दिया जाएगा,उसकी सदस्यता येन-केन रद्द कर दी जाएग। फिर खूब खटखटाते रहिये अदालतों के दरवाजे।

## 'संकल्प यात्रा' आज खेड़ा, अजनास, झालवा, भगवानपुरा, जूनापानी, पीपल्या जाएगी

**हरदा। शब्द सारांश**

जनकल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिये भारत सरकार द्वारा 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा'' आयोजित की जा जाएगी। कलेक्टर श्री ऋषि गर्ग ने बताया कि यह यात्रा 20 दिसम्बर को हरदा विकासखण्ड के ग्राम खेड़ा से प्रात: 11 बजे से प्रारम्भ होगी तथा दोपहर 1:30 बजे ग्राम अजनास रैयत व दोपहर 4 बजे झालवा पहुँचेगी। इसके अलावा संकल्प यात्रा 20 दिसम्बर को खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम भगवानपुरा से प्रात: 11 बजे से प्रारम्भ होगी तथा दोपहर 1:30 बजे ग्राम जूनापानी मकड़ाई व दोपहर 4 बजे पीपल्याखुदिया पहुँचेगी।

## अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु आई. जी. ने 10 हजार रू. का इनाम घोषित किया

**हरदा। शब्द सारांश**

पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम् इरशाद वली ने महिला थाना हरदा में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक 94/2022 में फरार अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के लिये 10 हजार रूपये के पुरस्कार की घोषणा की है। जो कोई व्यक्ति अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचना कर्ता को 10 हजार रुपये इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा। पुरस्कार वितरण के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम् जोन का मान्य होगा। अभियुक्त के संबंध में दूरभाष क्रमांक 07574-250123, 07577-224713 पर भी सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। सक्षम शासकीय सेवक एवं अन्य एजेन्सी द्वारा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के पश्चात यह आदेश स्वयमेव प्रचलन में न होकर शून्य हो जाएगा।

## 3 आरोपियों पर 3-3 हजार रूपये का इनाम घोषित

**हरदा। शब्द सारांश**

पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कंचन ने 3 आरोपियों पर 3-3 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होने बताया कि टिमरनी के अपराध क्रमांक 423/23 के प्रकरण में फरार आरोपी रामसिंह पिता कालूराम उर्फ कालिया निनामा निवासी सेवना थाना बाँसवाड़ा राजस्थान की सूचना देने वाले को 3 हजार रूपये का इनाम देने की घोषणा की है। इसके साथ ही थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 55/23 के प्रकरण में फरार आरोपी इलियास शेख पिता शेख हनीफ निवासी तिलक वार्ड बैतूल की सूचना देने वाले को भी 3 हजार रूपये का इनाम देने की घोषणा की गई है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कंचन ने थाना रहटगांव के अपराध क्रमांक 67/22 में फरार अज्ञात आरोपी व नाबालिक बालिका की तलाश पतारशी की सूचना देने वाले को 3 हजार रूपये का इनाम देने की घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी जो कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जरूरी सूचना पुलिस को देगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक जिला हरदा का होगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा।

## फरार आरोपी पर 5 हजार रूपये का इनाम घोषित

**हरदा। शब्द सारांश**

पुलिस अधीक्षक श्री संजीव कंचन ने थाना सिविल लाइन हरदा के अपराध क्रमांक 497/22 मल्हार मंदिर के पास प्राण घातक हमले के प्रकरण में फरार आरोपी सुशांत मिश्रा निवासी हरदा की सूचना देने वाले को 5 हजार रूपये का इनाम देने की घोषणा की है। इनाम की यह राशि उस व्यक्ति को दी जाएगी जो कि फरार आरोपी सुशांत मिश्रा की गिरफ्तारी के लिये जरूरी सूचना पुलिस को देगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का होगा। सूचनाकर्ता का नाम पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा।

## नहरों का ओसराबंदी कार्यक्रम जारी

**हरदा। शब्द सारांश**

कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग हरदा श्री डी.के. सिंह ने बताया कि रबी सिंचाई वर्ष 2023-24 के तहत नहर के माध्यम से खेतों में सिंचाई के लिये जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू बनाने और अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी पहुँचाने बनाये रखने के उद्देश्य से ओसराबंदी व्यवस्था लागू की गई है। उन्होने बताया कि खिड़की व सौताड़ा उपनहर रविवार सुबह 6 बजे से सोमवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। इसी प्रकार रहटाखुर्द, दिनकरपुरा व बूंदड़ा उपनहर मंगलवार सुबह 6 बजे से बुधवार शाम 6 बजे तक तथा माचक उपनहर बुधवार शाम 6 बजे से गुरूवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। कुकरावद, छिदगांव, कनगांव व भीलगांव उपनहर गुरूवार शाम 6 बजे से शनिवार सुबह 6 बजे तक तथा सामरधा व आलमपुर उपनहर शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार शाम 6 बजे तक बंद रहेगी।



# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरदा। शब्द सारांश**

जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रत्येक मंगलवार को शासकीय कार्यालयों में नागरिकों की समस्याएं सुनी जाती है। इसी क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित सिसोनिया व अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री के.सी. परते सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

# खुले में मांस के विक्रय पर रोक लगे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का नियंत्रित प्रयोग हो

**हरदा। शब्द सारांश**



प्रदेश के विभिन्न शहरों में सामान्यत: किसी भी प्रकार के व्यवसाय, दुकान, बाजार या रेहड़ी आदि लगाने के लिये नगरीय निकायों द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम-1956 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत अनुमति प्रदान की जाती हैं। विशेष रूप से किसी भी प्रकार के मांस एवं मछली के विक्रय के लिये नगरीय विकास विभाग के अधिनियमों के अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधान लागू होते हैं। इन प्रावधानों का हरदा जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में पालन किया जाए। यह निर्देश अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने कलेक्ट्रेट में सोमवार को आयोजित राजस्व व पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिये। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.डी. प्रजापति के अलावा सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार व थाना प्रभारी मौजूद थे। अपर कलेक्टर डॉ. गौड़ा ने बैठक में निर्देश दिये कि मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम के अंतर्गत मांस एवं मछली के विक्रय के समस्त प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच अथवा दरवाजा एवं साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था होना अनिवार्य है। इसके साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर उक्त सामग्री का विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है। उन्होने कहा कि 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान आयोजित कर खुले में मांस व मछली के विक्रय को प्रभावी ढंग से रोका जाए।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग के मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन कराएं

अपर कलेक्टर डॉ. गौड़ा ने बैठक में निर्देश दिये कि राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही लाउड स्पीकर व डीजे आदि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जाए। उन्होने लाउड स्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जाँच के लिये प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। उन्होने बताया कि मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम 2000 के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है।

इसके तहत लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। अपर कलेक्टर डॉ. गौड़ा ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि धर्म गुरूओं से संवाद और समन्वय स्थापित कर लाउड स्पीकरों को हटाने का प्रयास किया जाये।

## स्वसहायता समूह से जुड़कर आशा की आय बढ़ी और सम्मान भी मिला

**हरदा। शब्द सारांश**

ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर हरदा जिले की महिलाएं आत्म निर्भर हो रहीं है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति तो सुधर ही रही है। साथ ही समाज में उनका सम्मान भी बढ़ा है। इन्हीं में से एक है, हंडिया निवासी श्रीमती आशा केवट। पहले इनके परिवार का पालन पोषण नर्मदा नदी में से मछली पकड़कर उन्हें बेचने से प्राप्त आय से चलता था। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। गांव में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वसहायता समूह गठन का कार्य लगभग 5 वर्ष पूर्व शुरू हुआ तो आशा ने भी समूह से जुड़कर आत्म निर्भर होने की ठान ली। कुछ ही दिन में रेवा आजीविका स्वसहायता समूह की महिलाओं ने आशा को अध्यक्ष के रूप में चुन लिया। आशा ने पहले सिलाई का कार्य शुरू किया फिर कुछ दिन बाद घर में ही अगरबत्ती निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। आशा अपनी सास के साथ घर में ही अगरबत्ती बनाकर नर्मदा तट पर छोटी से दुकान लगाकर बेचने लगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण कार्यक्रम लगातार जारी



## बैड़िया, पहटकला, ढोलगांव, सोनखेड़ी, डगावानीमा व अबगांवखुर्द पहुँचा प्रचार वाहन

**हरदा। शब्द सारांश**

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जिले के ग्राम बेड़ियाकला, पहटकला, ढोलगांवकला, सोनखेड़ी, डगावानीमा व अबगांवखुर्द पहुंची। यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया और उन्हें सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के आवेदन भरवाए गए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने देश को विकसित बनाने के लिए संकल्प भी लिया व ग्रामीणों को विकास कार्यों से संबंधित फिल्म दिखाई गई। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के ग्राम सोनखेड़ी पहुंचने पर स्कूली छात्राओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया, और उनकी समस्याएं सुनी। संकल्प यात्रा के दौरान सोनखेड़ी निवासी सीमा देवड़ा ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम के तहत अपनी सफलता की कहानी सुनाई और बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से किस तरह उन्हें लाभ मिला। संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम सोनखेड़ी में कृषि विभाग द्वारा खेतों में नैनो यूरिया का ड्रोन से छिड़काव करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' सोमवार को हरदा जिले के ग्राम डगावानीमा पहुंची। संकल्प यात्रा के दौरान डगावा नीमा में कलश यात्रा आयोजित की गई। इस दौरान डगावानीमा निवासी महिला ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम के तहत अपनी सफलता की कहानी सुनाई और बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से किस तरह उन्हें लाभ मिला। इसके बाद 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' सोमवार को ग्राम बेड़ियाकला पहुंची जहाँ ग्रामीणों को अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी व ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उनके आवेदन भी भरवा गए। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री अमर सिंह मीणा ने पंचायत सचिव को 'खुले में शौच से मुक्त' पंचायत संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किया। गांव में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमे सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया और जरूरतमंद हितग्राहियों के आवेदन भी भरवा गए। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को ग्राम बेड़ियाकला पहुंची। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' सोमवार को हरदा जिले के ग्राम बेड़ियाकला पहुंची। संकल्प यात्रा के दौरान बेड़ियाकला निवासी महिला ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम के तहत महिलाओं ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना व प्रसूति सहायता योजना संबंधी अपनी सफलता की कहानी सुनाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को खिरकिया विकासखंड के ग्राम पहटकला पहुंची । इस अवसर पर एसडीएम खि़रकिया श्री अशोक डेहरिया और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पंचायत सचिव को खुले में शौच से मुक्त होने पर 'ओडीएफ प्लस' का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को ग्राम ढोलगांव कला पहुंची जहां अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उनके आवेदन भी भरवा गए।

# आयुष्मान भारत योजना में नई श्रेणियां शामिल की गई, पंचायत सचिव, कोटवार, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को भी मिलेगा लाभ

**हरदा। शब्द सारांश**

आयुष्मान योजना के तहत चयनित पात्र परिवारों के सदस्यों को एक वर्ष में 5 लाख रूपये तक के उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना में अब पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों के अलावा नई श्रेणियों को भी शामिल किया गया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार और संविदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है। इस आशय का आदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया है। आयुष्मान योजना में अब कुछ परिवारों को अपात्र भी घोषित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में आयकर दाता हो या ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता हो या ऐसा परिवार जिसका कोई भी सदस्य शासकीय कर्मचारी होने के साथ-साथ राज्य शासन अथवा केन्द्र शासन की किसी अन्य योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने के पात्र हो तो उन्हें इस आयुष्मान योजना के लिये अपात्र माना जाएगा।

## हृदय रोग के निःशुल्क परीक्षण हेतु आज जिला अस्पताल में लगेगा शिविर

**हरदा। शब्द सारांश**

मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना एवं आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के तहत निःशुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि यह शिविर बुधवार 20 दिसम्बर को जिला चिकित्सालय परिसर हरदा के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र डी.ई.आई.सी. में प्रातः 10:30 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में अपोलो सेज हॉस्पिटल भोपाल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग जैन, एम.डी., डीएम कॉर्डियोलॉजी एवं टीम द्वारा 18 वर्ष तक के बच्चों की निःशुल्क इको जांच की जावेगी।

## स्वसहायता समूह से जुड़कर खतीजा बेगम हुई आत्मनिर्भर

**हरदा। शब्द सारांश**

ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर हरदा जिले की महिलाएं आत्म निर्भर हो रहीं है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति तो सुधर ही रही है। साथ ही समाज में उनका सम्मान भी बढ़ा है। इन्हीं में से एक है, हंडिया निवासी श्रीमती खतीजा बेगम। पहले इनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। गांव में ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वसहायता समूह गठन का कार्य लगभग 4 वर्ष पूर्व शुरू हुआ तो खतीजा ने भी समूह से जुड़कर आत्म निर्भर होने की ठान ली। खतीजा ने बताया कि पहले उसने समूह की मदद से सेनेटरी नेपकीन का व्यवसाय शुरू किया और कुछ दिन बाद सिलाई का कार्य भी करने लगी। खतीजा दीदी के फलक स्वसहायता समूह ने स्कूली विद्यार्थियों की गणवेश सिलाई का कार्य भी शुरू किया, जिससे समूह की सभी महिलाओं की लगातार आय बढ़ने लगी। खतीजा दीदी ने कृषि विज्ञान केन्द्र में सोया बिस्किट बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया और आंगनवाड़ी के कुपोषित बच्चों के लिये सोया बिस्किट प्रदाय करने लगी, जिससे उसे अतिरिक्त आय मिली।

# संयुक्त संचालक शर्मा ने आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया



**हरदा। शब्द सारांश**

नर्मदापुरम संभाग के संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एच. के. शर्मा ने सोमवार को परियोजना टिमरनी के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान टिमरनी के वार्ड नम्बर 5, 10 एवं 15 के आंगनवाड़ी केंद्रों व ग्राम सौताडा, निमाचाकला के केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों का वजन व ऊंचाई का सत्यापन किया तथा विकसित भारत संकल्प योजना से संबंधित दिशा निर्देश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत बच्चों की सतत वजन निगरानी पर जोर देते हुए पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये। श्री शर्मा ने विभिन्न विभागीय योजनाओं मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना में लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी को निर्देशित किया। इस अवसर पर परियोजना आधिकारी महिला एवं बाल विकास टिमरनी श्रीमति अंशु तिवारी व अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित थे।


MPHIN/2017/74252

जिला कार्यालय

सप्ताहिक शब्द सारांश

खबरों का आईना



मेरा गाँव मेरा शहर

मुद्दों पर बात


नरसिंहपुर जिले में तहसील स्तर पर एजेंसी देना है संपर्क करें :

रिप्टापार जिरो आर्फिस के सामने, नरसिंहपुर

जिला ब्यूरो - संदीप राजपूत मो. 9977373868

डॉ. गुर्जर डेंटल क्लीनिक

फिक्स दांत, रूट केनाल इलाज, आडे-तिरछे दांतो का 100 प्रतिशत इलाज




डॉ. मनीष गुर्जर (बी.डी.एस. , डी.पी.एच.)

पताः- सरकारी हास्पिटल के पास, हरदा म.प्र. मोबाइल नं. - 7509850234

आई.टी.सी.एल. कम्प्यूटर सेन्टर

कम्प्यूटर से संबंधित सभी प्रकार के कोर्स कराये जाते है एवं कम्प्यूटर सुधारने एवं बेचने के कार्य किये जाते है



दीपक कुमार नेमा (संचालक)

पताः - काशीबाई कन्याशाला के सामने, हरदा म.प्र. मोबाइल नं.- 9993117760

### हर संभाग में मप्र इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस

# 20,000 करोड़ रूपये निवेश से बनेगी अटल मेडिसिटी

**मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक की स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी**

## मुख्यमंत्री ने सात दिन में रोडमैप तैयार करने के दिये निर्देश

भोपाल| नगर संवाददाता

मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में 20,000 करोड़ रूपये के निवेश का उपयोग कर मध्यप्रदेश निरामय इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में अटल मेडिसिटी स्थापित की जायेगी। प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस स्थापित किया जायेगा।

मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में हर नागरिक को स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में दी गारंटी को पूरा करने के लिए सात दिन में रोडमैप बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये हैं। संकल्प पत्र के अनुसार प्रमुख शहरों में कैंसर रोगियों के लिए पैलिएटिव केयर सेंटर स्थापित किये जायेंगे। वन लोकसभा-वन मेडिकल कॉलेज योजना के अंतर्गत हर लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जायेंगे। वन डिस्ट्रिक्ट-वन नर्सिंग कॉलेज योजना में हर जिले में नर्सिंग कॉलेज होगा। वन ब्लॉक-वन ब्लड बैंक योजना में हर ब्लॉक में ब्लड बैंक बनाये जायेंगे। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या को दोगुना करेंगे। अस्पताल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या को दोगुना किया जायेगा। वर्तमान में 132 प्रकार की जांच निशुल्क उपलब्ध हैं। हर दिन लगभग 10,000 मरीज लाभ उठा रहे हैं। वर्ष 2003 में 5 मेडिकल कॉलेज थे जो आज बढ़कर 24 हो गए हैं। एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 4,000 से अधिक हो गई हैं। अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 2,000 से 42,000 हो गई है और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या 10 गुना से ज्यादा बढ़ाकर 2,085 की गई है।



## भोपाल के हमीदिया अस्पताल पहुंचे डॉ. मोहन यादवः सीवियर न्यूमोनिया पीड़ित बच्चे की मां ने रोते हुए मांगी मदद; सीएम ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार रात करीब 8 बजे भोपाल के हमीदिया अस्पताल औचक निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे पहले वे बच्चा रोग विभाग की स्नूष्ट (सिक न्यूबोर्न केयर यूनिट) गए। यहां भर्ती एक बच्चे की मां ज्योति बाई उनसे बात करते हुए रोने लगीं। पूछने पर बताया कि उनका एक माह का बेटा कार्तिक हॉस्पिटल में भर्ती है। उसे सीवियर न्यूमोनिया हुआ है। आप अच्छा इलाज करा दीजिए। महिला की बात सुनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया से बच्चे की बीमारी और इलाज के संबंध में जानकारी ली। साथ ही बच्चे के इलाज के सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए। हमीदिया अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अस्पताल की अलग-अलग बिल्डिंग के कॉरिडोर के पास मरीजों के परिजनों से चर्चा की, फीडबैक लिया। इसके बाद वे बच्चा रोग विभाग की पीडियाट्रिक इंटेसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) और सिक न्यूबोर्न केयर यूनिट (स्नूष्ट) में भर्ती एक हृदय रोगी और एक ब्रेन डिसीज से पीड़ित मरीज के परिजनों से बात की। दोनों मरीजों के परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से अपने-अपने मरीज के इलाज के लिए मदद मांगी थी।

## एक दिन में 78 सांसद सस्पेंडः इनमें 33 लोकसभा और 45 राज्यसभा के

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन (18 दिसंबर) दोनों सदनों से 78 सांसद सस्पेंड कर दिए गए। असल में संसद में सुरक्षा चूक के मसले पर लोकसभा में लगातार चौथे दिन हंगामा हुआ। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने 33 सांसदों को सस्पेंड कर दिया। इनमें नेता अधीर रंजन चौधरी समेत कांग्रेस के 11 सांसद, तृणमूल कांग्रेस के 9, डीएमके के 9 और 4 अन्य दलों के सांसद शामिल हैं। इनमें 30 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है, जबकि तीन कांग्रेस सांसदों की सदस्यता बहाली पर फैसला प्रिविलेज कमेटी लेगी। इन पर स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने का आरोप है। इसके बाद राज्यसभा में भी हंगामा हुआ। इसके चलते सभापति जगदीप धनखड़ ने 45 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया। इनमें से 34 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया, जबकि 11 सांसदों की सदस्यता पर फैसला प्रिविलेज कमेटी लेगी। इससे पहले 14 दिसंबर को लोकसभा से 13 सांसद निलंबित किए गए थे। इनमें कांग्रेस के 9, CPI (M) के 2, DMK और CPI के एक-एक सांसद थे।

## सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने भेजा समन, दिल्ली शराब नीति से जुड़ा मामला

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली सीएम केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने समन भेजा है। ईडी ने दिल्ली अबकारी नीति मामले में उन्हें 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए तलब किया है। बता दें कि इससे पहले जांच एजेंसी ने 9 दिसंबर को राज्यसभा सांसद और आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नारायण दास गुप्ता से पूछताछ की थी। बता दें ईडी ने 2 नवंबर को शराब घोटाले में सीएम केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन मुख्यमंत्री ने ये कहते हुए जांच में शामिल होने से मना कर दिया था कि उन्हें पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के प्रचार के लिए यात्रा करनी है। चुनाव खत्म होने के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि केजरीवाल और AAP के अन्य



लोगों को फिर से बुलाया जा सकता है। हालांकि श्रष्ठ ने इससे अलग कदम उठाते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष से पूछताछ करने का फैसला किया। ऐसे में एजेंसी जल्द से जल्द इस मामले की चार्जशीट दाखिल करना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक, बताया जा रहा है कि चार्जशीट जांच एजेंसी ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी उन मुख्य लाभार्थियों में से एक थी जिसे रिश्वत के रूप शराब कार्टेल से 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

## 23 जनवरी से ही आमजन कर सकेंगे भगवान राम के दर्शन

**नई दिल्ली एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा है कि 22 जनवरी को मंदिर के उद्घाटन के अगले ही दिन यानी 23 जनवरी से ही जनता को भगवान राम के दर्शन की अनुमति दे दी जाएगी। अयोध्या में अचानक बड़ी भीड़ से बचने के लिए विभिन्न राज्यों के लोगों से अलग-अलग दिन पर मंदिर के दर्शन के लिए आने की अनुमति दी गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कहा है कि मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सर संघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल और सभी ट्रस्टी राम मंदिर के प्रांगण में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कई अन्य गणमान्य भी राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। चंपत राय ने कहा कि उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए विशेष टेंट सिटी बसाई गई है।



## मध्यप्रदेश में पचमढ़ी और मलाजखंड सबसे ठंडे

**21 शहरों में न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे**

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

उत्तर भारत में बर्फ पिघलने का असर मध्यप्रदेश में भी दिखाई दे रहा है। 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही सर्द हवाओं ने प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी है। प्रदेश के 21 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। दतिया की रात सबसे सर्द रही। यहां न्यूनतम पारा 6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मंगलवार को पचमढ़ी और मलाजखंड प्रदेश में सबसे ठंडे रहे। पचमढ़ी में अधिकतम तापमान 17. 4 डिग्री, मलाजखंड में 20.6 डिग्री सेल्सियस टेम्प्रेचर दर्ज किया गया। इसके अलावा, भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में भी तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। भोपाल में 23.5 डिग्री, इंदौर में 22.2 डिग्री, ग्वालियर में 22.8 और जबलपुर में 24.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। पचमढ़ी, जबलपुर और मलाजखंड में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री रहा। सबसे ज्यादा न्यूनतम पारा टीकमगढ़ में 13.5 डिग्री रहा। दिन के तापमान में भी गिरावट आई है। सोमवार को 23 शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 25 डिग्री के नीचे रहा।

## धोखाधड़ी वाले 2500 लोन ऐप गूगल प्ले स्टोर से हटाए गएः वित्त मंत्री

एजेंसी| नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को लोकसभा को सूचित किया कि गूगल ने अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच अपने प्ले स्टोर से 2,500 से अधिक धोखाधड़ी वाले ऋण ऐप को निलंबित किया है या हटा दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सरकार धोखाधड़ी वाले लोन ऐप को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य नियामकों तथा संबंधित हितधारकों के साथ लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी अध्यक्षता में एक अंतर-नियामक मंच, वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की बैठकों में भी इस मामले पर नियमित रूप से चर्चा और निगरानी की जाती है। उन्होंने कहा कि गूगल ने प्ले स्टोर पर लोन देने वाले ऐप को शामिल करने के संबंध में अपनी नीति को अद्यतन किया है और



संशोधित नीति के अनुसार, प्ले स्टोर पर केवल उन्हीं ऐप को जारी करने की अनुमति दी गई है जो या तो विनियमित संस्थाओं द्वारा जारी किए गए हैं या आरई के साथ साझेदारी में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अप्रैल 2021 और जुलाई 2022 के बीच, गूगल ने लगभग 3,500 से 4,000 ऋण देने वाले ऐप की भी समीक्षा की और 2,500 से अधिक धोखाधड़ी वाले लोन ऐप अपने प्ले स्टोर से निलंबित कर दिया या हटा दिया।

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद बोले शिवराज सिंह चौहान

## जो भी काम दिया जाएगा, मैं वो करूंगा

एजेंसी| नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। चुनाव जीतने के बाद पहली बार नई दिल्ली पहुंचे शिवराज ने पार्टी अध्यक्ष से मिलने के बाद कहा, आज अच्छी मीटिंग हुई।



अब अगले काम की बात की है। जो भी अध्यक्ष जी बोलेंगे, वैसा ही होगा। जो भी मुझे काम दिया जाएगा, मैं वो काम करूंगा। भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान ने कहा, एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में, पार्टी मेरे लिए जो भी भूमिका तय करेगी, मैं उसे निभाऊंगा। पार्टी जो भी तय करेगी- मैं करूंगा। राज्य के साथ-साथ केंद्र में भी रहूंगा।

### दक्षिण के राज्यों में जाऊंगा

मीडिया से बातचीत में शिवराज ने कहा कि नड्डा मेरे मित्र भी हैं और मार्गदर्शक भी। उनके साथ अगले काम के बारे में भी उन्होंने मुझसे चर्चा की है। भाजपा का काम मेरे लिए मिशन है। जब आप मिशन में काम करते हैं तो तय नहीं करते कि आप क्या करेंगे। मिशन तय करता है कि आप क्या करेंगे। वे मेरे लिए तय करेंगे। फिलहाल विकसित भारत संकल्प यात्रा में मेरे कार्यक्रम बनेंगे। अभी तो यात्रा में कुछ जगह मुझे जाने को कहा जाएगा। दक्षिण के राज्यों की जिम्मेदारी के सवाल पर बोले कि मैं दक्षिण के राज्यों में भी जाऊंगा।

# बढ़ी सिहरन: 3.6 डिग्री लुढ़का दिन का तापमान



**भोपाल (निप्र)।** शाम ढलने के बाद हवाओं का रुख उत्तरी बना रहने से पिछले चार दिनों से रात में तो सिहरन बरकरार थी, लेकिन दिन में धूप में तल्खी बनी हुई थी। उधर रविवार को दोपहर के बाद हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी होने से दिन के तापमान में शनिवार के मुकाबले 3.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते दोपहर में धूप गुनगुनी लगी।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम रहा। साथ ही यह शनिवार के अधिकतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 3.6 डिग्री सेल्सियसम कम रहा। रविवार को न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ था, जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। साथ ही शनिवार के न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि बादल छंट चुके हैं। हवा का रुख भी उत्तरी हो गया है। इस वजह से दिन के तापमान में तेजी से गिरावट हुई। रात के तापमान में भी कमी आएगी।

## ये वेदर सिस्टम सक्रिय

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में जम्मू के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से एक प्रेरित चक्रवात हरियाणा पर सक्रिय है। इसके अतिरिक्त पंजाब के आसपास एक द्रोणिका भी मौजूद है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि इन तीन मौसम प्रणालियों के कारण वातावरण में नमी आ रही है। इस वजह से बादल बने हुए हैं। बादलों की मौजूदगी से जहां दिन के तापमान में कुछ गिरावट हो रही है, वहीं रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी हो रही है।

## आगे ऐसा रहेगा मौसम

मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि रविवार शाम तक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू से आगे बढ़ जाएगा। इसकी वजह से बना प्रेरित चक्रवात एवं द्रोणिका भी समाप्त हो जाएंगे। सोमवार से हवा का रुख भी उत्तरी होने की संभावना है। इस वजह से रात के तापमान में गिरावट होने लगेगी। यह सिलसिला चार दिन तक बना रह सकता है। 22 दिसंबर से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में सक्रिय होने के संकेत मिले हैं। उसके प्रभाव से एक बार फिर बादल छाने से रात के तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर रहा बालरंग महोत्सव

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर, भोपाल में राष्ट्रीय बालरंग महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अनुक्रम में आज राज्यस्तरीय बालरंग अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रदेश के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का मंचन किया। बालरंग महोत्सव की थीम –आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप प्रदेश के विभिन्न संभागों के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने जिले की संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य एवं खानपान को विभिन्न मंचों पर प्रदर्शित किया।

# महापौर मालती राय ने मध्यप्रदेश डेयरी किसान सम्मेलन-2023 का उद्‌घाटन करते हुए डेयरी किसानों का किया आव्हान

### डेयरी विस्थापन हेतु नगर निगम का सहयोग करें -महापौर राय

**भोपाल (निप्र)।** महापौर श्रीमती मालती राय ने मध्यप्रदेश डेयरी किसान सम्मेलन-2023 का उद्घाटन करते हुए डेयरी किसानों का आव्हा किया कि नगर निगम द्वारा डेयरी विस्थापन की जो भी कार्यवाही की जाए उसमें डेयरी किसान सहयोग करें ताकि साफ-स्वच्छ शहर व व्यवस्थित डेयरी व्यवसाय के साथ ही पशुओं को भी दुर्घटना से बचाया जा सके।

महापौर श्रीमती राय ने रविवार को सीहोर रोड स्थित नंदन रिसोर्ट में मध्यप्रदेश डेयरी किसान सम्मेलन-2023 का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया एवं विभिन्न प्रजातियों के पशुधन का अवलोकन भी किया। महापौर श्रीमती राय ने डेयरी किसानों द्वारा पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डेयरी किसानों का सहयोग रहेगा तो नगर निगम भोपाल डेयरी संचालकों को व्यवस्थित स्थान डेयरी संचालन हेतु उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आयोजक संस्था फारकाउ वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में डेयरी किसान मौजूद थे। महापौर श्रीमती मालती राय ने अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन में आयोजन समिति द्वारा प्रकाशित केलेंडर को विमोचन किया। इस मौके पर सम्मेलन समिति की महिला पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती राय का सम्मान भी किया।



महापौर श्रीमती मालती राय रविवार को राजधानी के जवाहर चौक स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन में सम्मिलित हुई और युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के सतत्‌ आयोजन पर समिति के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निश्चित ही ऐसे आयोजनों से बच्चों के अच्छे रिश्ते बनते है। श्रीमती राय ने युवक-युवतियों को भी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवक-युवती परिचय समिति भोपाल के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### राज्यपाल पटेल द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की समीक्षा

# विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की बसाहटों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों

### अभियान का संचालन संवेदनशीलता और सेवा भाव के साथ किया जाए

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भारिया, सहरिया और बैगा जनजाति की बसाहटों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं और सेवा केन्द्रों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए। मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, आवश्यकता और पूर्ति की जानकारी को तहसीलवार संकलित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जानकारी को मानचित्र पर उनकी भोगौलिक स्थिति के साथ चिंहांकित किया जाए। लक्ष्य पूर्ति के लिए चरणबद्ध कार्य योजना तैयार कर समय सीमा में कार्रवाई की जाए।

राज्यपाल पटेल प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान की समीक्षा के दौरान जनजातीय कार्य विभाग और जनजाति प्रकोष्ठ राजभवन के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर जनजाति प्रकोष्ठ राजभवन के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव जनजातीय कार्य एस.एन. मिश्रा और राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा भी मौजूद थे।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि महाअभियान का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए। जरूरी है कि विशेष पिछड़ी जनजाति भारिया, सहरिया और बैगा की चिंहित बसाहटों के बाहर निवास करने वाले हितग्राहियों को भी महाअभियान के तहत लाभांवित किया जाए। राज्यपाल मंगुभाई पटेल को बताया गया कि विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के हितग्राहियों की पहचान के लिए जनजाति अनुसंधान संस्थान द्वारा सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान 45 प्रश्नों की प्रश्नावली में जानकारियाँ प्राप्त कर गतिशक्ति पोर्टल पर दर्ज की जा रही हैं। सर्वेक्षण का कार्य शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा।

राज्यपाल को बताया गया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनातंर्गत देश के 18 राज्यों के 75 विशेष पिछड़ी जनजाति समूह को लाभांवित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

योजना केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं केन्द्र और राज्य मंत्रालयों के सहयोग से कार्यान्वित की जाएगी। योजना के तहत 9 विभागों की 11 महत्त्वपूर्ण गतिविधियों पर केंद्रित रहेगी। इसके अंतर्गत पक्का आवास, बेहतर पहुँच मार्ग, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावासों का निर्माण एवं संचालन, बिना बिजली वाले मकानों का विद्युतिकरण, पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्धता, सामुदायिक जल उपलब्धता, आंगनबाड़ियों का निर्माण एवं संचालन, वन-धन विकास केन्द्रों का संचालन, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, सड़को एवं बहुउद्देशीय केन्द्रों में सौर ऊर्जा की उपलब्धता, शून्य दशमलव तीन किलो वॉट सोलर ऑफ-ग्रिड की स्थापना, मोबाइल टॉवर की स्थापना, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास सहित विभिन्न कार्य शामिल हैं।



# इंटरव्यू के पहले इन तरीकों से करें रिसर्च

**अगर आप किसी कंपनी के लिए जॉब इंटरव्यू के लिए जाते हैं तो इससे पहले आपको कंपनी को लेकर अच्छी-खासी जानकारी होना जरूरी है। यूं तो आमतौर पर अधिकांश कैंडीडेट कंपनी की वेबसाइट सबसे पहले एक्सेस करते हैं लेकिन आज के समय में इसके अलावा भी कई तरीके हैं जिसके जरिए आप कंपनी के बारे में अच्छी जानकारी पा सकते हैं। कंपनी रिप्रेजेंटेटिव से मिलने से पहले इन पांच तरीकों से आप रिसर्च कर सकते हैं -**

## कंपनी वेबसाइट

सबसे पहले चरण में तो आपको कंपनी की वेबसाइट ही एक्सेस करनी होगी। आप कंपनी की वेबसाइट पर अबाउट अस से लेकर मैनेजमेंट टीम, विजन और मिशन पढ़ सकते हैं। साथ बड़ी कंपनियों की वेबसाइट्स पर उसकी प्रेस रिलीज भी रहती है। साथ ही आप उनके सोशल मीडिया पेजेस पर वे सभी कंटेंट देख सकते हैं जिन्हें उन्होंने शेयर किया है। यह रिसर्च आपको कंपनी क्या करती है, उसमें कितने कर्मचारी है, शीर्ष मैनजमेंट लेवरपर कौन लोग है और कंपनी में हालिया काम क्या चल रहा है, जैसी जानकारी मिल सकती है।

## अन्य वेबसाइट्स

विभिन्न प्लेटफॉर्म्स जैसे लिंक्डइन, ग्लासडोर, गूगल न्यूज, जूमइंफो.कॉम एम्प्लॉयर के बारे में अच्छी जानकारियां मिल जाएंगी। चूंकि ये सभी जानकारियां पुराने और मौजूदा कर्मचारियों ने जनरेट किए है तो यह ऑथेंटिक रहेंगे। साथ ही लिंक्डइन पर विभिन्न फोरम हैं जहां आपको किसी भी सवाल का जवाब मिल सकता है, आप वहां कंपनी के बारे में जान सकते हैं।

## सोशल मीडिया

कंपनी के ऑफिशियल फेसबुक और लिंक्डइन पेजेस के अलावा, कंपनी के पिनइंटरेस्ट और इंस्टाग्राम अकाउंड पर भी ऑफिस की गतिविधियों की जानकारी देती होगा। इससे आपको वहां का वर्क कल्चर पता चल सकता है।

## न्यूज अपडेट

कंपनी की शुरुआत से पहले कंपनी की प्रोग्रस को न्यूज अपडेट्स के जरिए पड़ना कंपनी की दिशा पर अच्छा प्रकाश डालता है। इससे यह भी पता चलता है कि यह ह्यूमन रिसोंस के मामले में कैसी कंपनी है। स्थापित कंपनी आपको स्थायित्व प्रदान करेगी लेकिन इसकी एक कठोर प्रक्रिया हो सकती है।

## इंडस्ट्री न्यूज


यह भी महत्वपूर्ण है कि आप कंपनी की खबरों का ट्रेक रखें। इंडस्ट्री जर्नल्स, बिजनेस जर्नल्स या न्यूजपेपर्स आपको यह जानकारियां उपलब्ध करा सकता है।

**एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 तक भारत का हेल्थकेयर सेक्टर करीब 280 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। फिलहाल लगभग 40 लाख लोगों को इसमें रोजगार मिला हुआ है। उम्मीद है कि सन् 2025 तक इस सेक्टर का वर्कफोर्स करीब 74 लाख के आसपास पहुंच जाएगा। हेल्थकेयर में एफडीआई के आने से मेडिकल टूरिज्म जैसे नए सेक्टर्स उभरकर सामने आए हैं। टेलीमेडिसिन का बाजार भी तेजी से विकसित हो रहा है।**



# हेल्थकेयर सेक्टर में और भी है शानदार करियर विकल्प

ऑनलाइन हेल्थकेयर स्टार्ट-अप्स में नए अवसर सृजित हो रहे हैं। तकनीकी विकास के कारण टेक्निकली स्किल्ड प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ रही है। स्पेशलाइज्ड डॉक्टर्स के अलावा पैरामेडिकल प्रोफेशनल्स, लैब टेक्निशियंस आदि को हाथो-हाथ लिया जा रहा है। इसी तरह डायग्नोस्टिक्स और पैथोलॉजिकल लैब्स की संख्या बढ़ने से प्रशिक्षित टेक्निशियंस की काफी मांग देखी जा रही है। मेडिकल फील्ड से जुड़े प्रोफेशनल्स के जरिए जानते हैं इस फील्ड में विभिन्न करियर ऑप्शंस के बारे में।



## आयुर्वेद

डॉ. परमेश्वर दावा करते हैं कि आयुर्वेद में एक बीमारी के लिए सैकड़ों औषधियां हैं। एमबीबीएस की तरह आयुर्वेद का कोर्स भी साढ़े पांच साल का होता है, जिसमें साढ़े चार साल एकेडमिक्स और एक साल की इंटर्नशिप होती है। प्रोफेशनल्स के सामने सरकारी, प्राइवेट नौकरी से लेकर अपनी निजी प्रेक्टिस करने का विकल्प खुला होता है। वे कहते हैं कि सरकार अगर आयुर्वेद को वैकल्पिक चिकित्सा के तहत प्रोत्साहन, ग्रेजुएट्स को वाजिब स्टाइपेंड दे, तो अच्छे टैलेंट को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

पहले ट्रायल बेसिस पर वर्क एक्सपीरियंस हासिल करना बेहतर रहता है। विदेशों में वेटरनरी डॉक्टर्स को रिसर्च से लेकर तमाम तरह के आइडियाज और कॉन्सेप्ट्स पर काम करने का मौका मिलता है।

## फिजियोथैरेपी


आजकल अक्सर लोग पीठदर्द, मांसपेशियों में खिंचाव, स्पॉन्डिलाइटिस, स्लिप डिस्क आदि की शिकायत करते हैं। खिलाड़ियों को भी गाहे-बगाहे चोट लगती रहती है। ऐसे में फिजियोथैरेपिस्ट की मांग दिनो-दिन बढ़ रही है। फिजियोथैरेपिस्ट प्रियंका तिवारी बताती हैं कि विद्यार्थी 12वीं के बाद बीपीटी या डिप्लोमा जैसा कोर्स कर सकते हैं। इसके बाद सरकारी व प्राइवेट हॉस्पिटल्स में ढेर सारे अवसर हैं।

## फार्मेसी

एक निजी अस्पताल में फार्मेसी के हैड अमित गुप्ता के अनुसार, फार्मेसी फील्ड में युवाओं के लिए बहुत अवसर हैं। विज्ञान से 12वीं पास युवा बी फार्मा, एम फार्मा या डिप्लोमा करके फार्मा सेक्टर, हॉस्पिटल्स, रिटेल फार्मासिस्ट, क्लिनिकल फार्मासिस्ट, एमआर या मटेरियल मैनेजर जैसे पदों पर जॉब हासिल कर सकते हैं।

## ऑक्यूपेशनल थैरेपी

मेडिकल साइंस ने काफी तरक्की की है। अब सेरिब्रल पाल्सी, ऑटिज्म, डाउन्स सिंड्रोम जैसी जेनेटिक बीमारियों के शिकार लोगों के लिए भी विशेषज्ञ मौजूद हैं, जिन्हें ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट कहते हैं। ऐसे ही ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट कपिल कुमार कहते हैं कि इस बीमारी की वजह से शरीर का कोई भी हिस्सा जब काम करना बंद कर देता है, तो इस थैरेपी की मदद से उसे सामान्य बनाया जाता है। आज जो भी युवा इस फील्ड में आना चाहते हैं, वे यह सोचकर आएं कि आने वाले वक्त में उन्हें किसी की उम्मीदों पर खरा उतरना है।





**जिला ब्यूरो चाहिए**

आवश्यकता है प्रदेश के होशंगाबाद, नरसिंहपुर, सागर, टीकमगढ़, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मंडला, इंदौर, भोपाल, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, खंडवा, उज्जैन, बुरहानपुर, रतलाम, नीमच, मंदसौर, रायसेन, छतरपुर, ग्वालियर, दतिया, गुना, शिवपुरी अशोकनगर, राजगढ़, अलीराजपुर, बड़वानी, झाबुआ मे जिला ब्यूरो की ---- सम्पर्क करें।

**रामकुमार नेमा , संपादक शब्द सारांश**

पता:- आस्था कुंज बादर विहार कालोनी इंदौर रोड हरदा मोबाइल नं. - 9993173191

# एआईएन ने 4 ठिकानों पर छापा मारकर आतंकियों के मंसूबों पर फेरा पानी

एजेंसी| चेन्नई

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को देश के चार विभिन्न राज्यों में छापेमारी की और आठ आतंकवादी गुर्गों की गिरफ्तारी के साथ शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट करने की आईएसआईएस बल्लारी मॉड्यूल की योजना को विफल कर दिया।




एनआईए ने कर्नाटक व महाराष्ट्र के अमरावती, मुंबई और पुणे में मारे गए छापों के दौरान विस्फोटक कच्चे माल, हथियार तथा आतंकी योजनाओं को उजागर करने वाले आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने ट्वीट किया,एजेंसी ने आईएसआईएस बल्लारी मॉड्यूल की आईईडी विस्फोटों को अंजाम देने की योजना को विफल कर दिया। चार राज्यों में छापे मारकर मॉड्यूल प्रमुख सहित आठ आतंकी संचालकों को गिरफ्तार किया। साथ ही विस्फोटक कच्चे माल, हथियार व आतंकी योजनाओं को उजागर करने वाले दस्तावेज आदि जब्त किए। बाद में, आज शाम इस वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में, एनआईए ने कहा,इस आईएसआईएस पर सुबह-सुबह कार्रवाई करते हुए, एनआईए ने सोमवार को चार राज्यों में 19 स्थानों पर छापे मारे और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के बल्लारी मॉड्यूल के आठ गुर्गों को गिरफ्तार किया, जिसमें उसका नेता मिराज भी शामिल था।

इसके साथ ही एनआईए ने आरोपियों की ओर से आतंकी कृत्यों, विशेषकर आईईडी विस्फोटों को अंजाम देने की योजना को विफल कर दिया। एनआईए टीमों ने कर्नाटक में बल्लारी और बेंगलुरु, महाराष्ट्र में अमरावती, मुंबई एवं पुणे, झारखंड में जमशेदपुर व बोकारो तथा दिल्ली में फैले 19 स्थानों पर छापेमारी की।

### सुलेमान है इन सबका सरगना

छापे के दौरान गिरफ्तार किए गए आठ आईएसआईएस एजेंट प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस के आतंक और आतंक से संबंधित कृत्यों तथा गतिविधियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने में शामिल थे। वे सभी मिराज उर्फ मो.सुलेमान के नेतृत्व में काम कर रहे थे।

# राज्यपाल को हटाने के लिए केंद्र का रुख कर सकती है केरल सरकार



एजेंसी| तिरुवनन्तपुरम

केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को वापस बुलाने की मांग करने के लिए केंद्र सरकार का रुख करने पर विचार कर सकती है। खान का विभिन्न मुद्दों को लेकर वाम दल के साथ टकराव चल रहा है। विजयन ने नव केरल सदास के बीच यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि खान जानबूझकर उकसाने वाले कृत्य कर राज्य में शांतिपूर्ण माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कई सवालों के जवाब में कहा, केंद्र-राज्य के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए राज्यपाल के कार्यों में सुधार किया जाना चाहिए। राज्य सरकार को लगता है कि वह राज्य में शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि हमें केंद्र से उन्हें हटाने के लिए कहना पड़ेगा। खान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल निजी हमले कर रहे हैं और बिना सोचे-समझे बोलते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल को यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें विश्वविद्यालयों की सीनेट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा नामित लोगों की सूची कहां से मिली? विजयन ने कहा, संघ परिवार देशभर के विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करना चाहता है। लेकिन उच्च शिक्षा क्षेत्र को नियंत्रित करने और भगवाकरण करने का उनका एजेंडा केरल में काम नहीं करेगा।

सीलबंद लिफाफे में पेश की गई 'ज्ञानवापी' सर्वे की रिपोर्ट

# 1500 पन्नों में सामने आएगा सच ! 21 दिसंबर को सुनवाई

**वाराणसी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एएसआई के सर्वे रिपोर्ट पर हर किसी की नजर टिक गई है। अदालत के आदेश पर एएसआई ने साइंटिफिक सर्वे का काम पूरा कराया गया। सर्वे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिपोर्ट देने को लेकर लगातार एएसआई की ओर से समय की मांग की जा रही थी। अब तक चार बार रिपोर्ट जमा किए जाने को लेकर समय की मांग की गई। वाराणसी कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान एएसआई को 18 दिसंबर को सर्वे रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया। सोमवार को एएसआई की टीम वाराणसी कोर्ट पहुंची। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सर्वे रिपोर्ट को जमा कराया गया है। रिपोर्ट के जमा कराए जाने के साथ ही कोर्ट परिसर में हलचल तेज हो गई। इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर श्रृंगार गौरी केस का भविष्य काफी हद तक टिका हुआ है। इसके अलावा मस्जिद पर हिंदू पक्ष के दावों को भी रिपोर्ट से बड़ा बल मिल सकता है। ऐसे में सर्वे रिपोर्ट को जमा किए जाने की सुगबुगाहट के बीच मुस्लिम पक्ष भी ऐक्टिव हुआ। मुस्लिम पक्ष की ओर से एएसआई की सर्वे रिपोर्ट की मांग की गई है। ज्ञानवापी जिला कोर्ट में 21 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। सीलबंद लिफाफे में 1500 पन्नों की रिपोर्ट एएसआई की ओर से जमा कराई गई। इसके अलावा एएसआई टीम ने ज्ञानवापी परिसर से मिले साक्ष्यों और सबूतों को भी कोर्ट के समक्ष रखा। जांच के क्रम में तैयार किए गए वीडियो फुटेज भी कोर्ट में पेश किए जाने की चर्चा है।



एएसआई सर्वे रिपोर्ट जमा कराए जाने के बाद जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने अगली सुनवाई 21 दिसंबर को किए जाने का आदेश दिया। एएसआई सर्वे रिपोर्ट की कॉपी याचिकाकर्ताओं को दिए जाने के मामले पर इस दिन सुनवाई होगी। याचिकाकर्ताओं को इस दिन कोर्ट की कॉपी मिल सकती है। कॉपी लिए जाने पर सुनवाई के बाद इस केस में आगे की कार्रवाई का निर्धारण होगा। हिंदू पक्षकार के वकील विष्णु शंकर जैन ने दावा किया है कि अच्छी रिपोर्ट आएगी। अभी हमें रिपोर्ट की कॉपी नहीं मिली है।

# काशी में खिलाड़ियों का दमखम देखा, 100 करोड़ से तैयार स्वर्वेद महामंदिर का किया इनॉगरेशन

**वाराणसी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोमवार को काशी दौरे का दूसरा दिन था। पीएम ने उमरहा स्थित स्वर्वेद महामंदिर का इनॉगरेशन किया। 20 साल में 100 करोड़ की लागत से यह मंदिर तैयार हुआ है। पीएम मोदी ने 7 मंजिला मंदिर की दीवारों पर उकेरी अद्भुत नक्काशी देखी। फिर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने गरीबी मिटाने के लिए लोगों से आग्रह किया कि कम से कम एक गरीब परिवार का संबल बनिए, उनकी मदद करिए। उन्होंने लोगों को 9 संकल्प दिलाए। स्वर्वेद मंदिर के बाद पीएम मोदी बरकी पहुंचे। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम मोदी ने जूडो-कराटे के खिलाड़ियों का दमखम देखा। इसके बाद लाभार्थियों से बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने चंदा देवी से पूछा कि कितनी पढ़ाई की हो। चंदा ने कहा- 12वीं पास हूं। इस पर मोदी ने कहा कि आप इतना अच्छा बोलती हो, चुनाव लड़ी हो क्या कभी। चंदा बोलीं- नहीं। फिर मोदी ने कहा चुनाव लड़ना हो तो बताओ। मुझे आप जैसी गांव की 2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है। बरकी में मोदी ने लाभार्थी महिला चंदा से बातचीत में कहा कि शादी में खड़े-खड़े खाने का रिवाज शुरू हो गया है। लोगों को लगता है कि दोबारा मिलेगा नहीं, इसलिए थाली भर लेते हैं। बाद में आधा छोड़ देते हैं, तो खाना बर्बाद हो जाता है। जन्मदिन आदि पार्टियों में भी खाना बर्बाद हो जाता है। अगर आपके सेल्फ हेल्प ग्रुप की बहनों को परोसना कैसे है, उसकी ट्रेनिंग हो जाए। अच्छे कपड़े हो जाएं। हाथ में मोजे-वोजे, दस्ताना पहन कर परोसेने की व्यवस्था हो तो खाना बचेगा। जो लोग आते हैं उनको भी अच्छी सर्विस मिल जाएगी। चंदा से मोदी ने कहा- ऐसे में आपकी बहनों की कमाई भी हो जाएगी। जहां काम करोगे, वहां से भोजन भी मिल जाएगा। घर में न्यूट्रिशन की प्रॉब्लम भी सॉल्व होगी।



# डायरिया से 50 लोग बीमार, सात की हालत गंभीर, भिलाई में बढ़ रहे उल्टी-दस्त के केस

एजेंसी| दुर्ग

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक बार फिर डायरिया ने दस्तक दे दी है। भिलाई के अलग-अलग इलाकों में 50 लोग डायरिया की चपेट में आ गए हैं। 7 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जिनकी हालत गंभीर है। वहीं हर दिन उल्टी-दस्त के केस भी बढ़ रहे हैं। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, सबसे अधिक मरीज भिलाई के खुसीर्पार क्षेत्र में मिले हैं। रविवार को यहां वार्ड 42 गौतम नगर खुसीर्पार में अचानक कई लोगों के बीमार पड़ने की सूचना मिली थी। जब स्वास्थ्य विभाग और निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे, वहां लोग उल्टी और दस्त से पीड़ित पाए गए। स्वास्थ्यकर्मियों ने तुरंत लोगों को प्राथमिक इलाज देने के साथ ही साथ दवाइयां भी बांटी गई। डॉ पीयम सिंह ने बताया कि एएनएम से मिली सूचना के आधार पर क्षेत्र में पर्यवेक्षक केपाल एएनएम अर्चना साहू और मितानिनों को घर-घर जाकर सर्वे के लिए भेजा गया है। उनके बीमार पड़ने का कारण जानने के साथ ही उन्हें प्राथमिक उपचार की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि खुसीर्पार पीएससी के इंचार्ज डॉ. करण पंसारी, यूबीएमओ डॉ. पीएम सिंह, बीईई टीओ हितेंद्र कोसरे और विजय कुमार सेजुले की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची। उन्होंने डायरिया संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया।



### निगम भी साफ-सफाई में जुटा

इधर भिलाई नगर निगम की टीम भी आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई के कार्य में जुट गई है। उनके द्वारा नालियों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। उनके द्वारा 315 घरों में क्लोरीन की गोली बांटी गई।

स्वत्वाधिकारी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशक रामकुमार नेमा की ओर से दिशागोचर पब्लिकेशन 26 बी प्रेस कॉम्पलेक्स, भोपाल से मुद्रित तथा आस्था कुंज बादर विहार कॉलोनी, होटल मानसरोवर के पास इंदौर रोड हरदा से प्रकाशित। संपादक - रामकुमार नेमा। मो.- email:ramnema81@gmail.com (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र हरदा रहेगा।)